भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1238

दिनांक 09 **फरवरी**, 2023

रसोई गैस पर राजसहायता

†1238.**श्री एंटो एन्टोनी** :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलिंडरों पर दी जाने वाली राज सहायता के संबंध में कोई आंकड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रति रसोई गैस सिलिंडर कितनी राजसहायता दी गई है और विगत पांच वर्षों में वर्ष-वार और राज्य-वार कितने उपभोक्ताओं को राजसहायता दी गई है;

(ग) क्या सरकार ने रसोई गैस सिलिंडर पर राजसहायता देना बंद कर दिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) से (घ) देश में एलपीजी सहित पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में संबंधित उत्पादों के मूल्य से जुड़े हुए हैं। औसत सऊदी सीपी मूल्य, जिन पर घरेलू एलपीजी के मूल्य आधारित होते हैं, में वर्ष 2019-20 से 2021-22 के दौरान 454 यूएस डॉलर/एमटी से बढ़कर 693 यूएस डॉलर/एमटी हो गए हैं। वर्ष 2022-23 के दौरान फरवरी, 2023 तक औसत सऊदी सीपी का मूल्य और बढ़कर 710 यूएस डॉलर/एमटी हो गया है। तथापि, घरेलू एलपीजी के प्रभावी मूल्य को सरकार आवश्यकतानुसार घटाती-बढ़ाती रहती है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को घरेलू एलपीजी की बिक्री पर काफी हानि उठानी पड़ी है। इस हानि की भरपाई करने के लिए सरकार ने हाल ही में ओएमसीज़ को 22,000 करोड़ रुपए के एकमुश्त मुआवजे को स्वीकृति दी है। सरकार ने वर्ष 2022-23 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) लाभार्थियों को अधिकतम 12 रीफिल तक 200/-रुपये प्रति 14.2 कि.ग्रा. सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता शुरू की है।

पिछले पाँच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान सरकार द्वारा एलपीजी पर दी जाने वाली राजसहायता का विवरण निम्नानुसार है:-

(करोड़ रुपये में)

विवरण	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
एलपीजी (डीबीटीएल) राजसहायता के लिए लाभ का प्रत्यक्ष अंतरण (क)	20905	31539	22726	3658	242
प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) राजसहायता (ख)	2559	5670	1446	76	1569
प्रधान मंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीकेपी) राजसहायता (ग)				8162	
एलपीजी पर कुल राजसहायता (**क**+**ख**+**ग**)	23464	37209	24172	11896	1811

स्रोतः पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

पिछले पाँच वर्षों के लिए एलपीजी राजसहायता के लाभार्थियों का विवरण निम्नानुसार है:

आज की तिथिनुसार	**लाभार्थियों की संख्या**
01.04.2018	20,21,20,070
01.04.2019	24,67,63,542
01.04.2020	26,29,12,547
01.04.2021	27,16,18,904
01.04.2022	28,36,77,886

स्रोत : ओएमसीज की ओर से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

****